Tractors and Farm Equipment Limited
77, Nungambakkam High Road
Chennai - 600 034, India
T : +91 44 6691 9000
tafe.com

ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रख कर तैयार किया गया

पटना/टीएएफई ने तकनीकी रूप से उन्नत मैस्सी फर्गूसन 1035 डीआइ टॉनर नामक अपना एक नया ट्रैक्टर बाजार में पेश किया है। मैस्सी फर्गूसन के इस 39 हॉर्स पावर वाले ट्रैक्टर को आज बिहार की राजधानी पटना में लॉन्च किया गया है, जिसे कृषि कार्यों के अलावा विभिन्न ढुलाई के लिए ट्रैक्टरों का भारी उपयोग करने वाले ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। टॉनर का सपाट पिछले ढाँचे में कंपनी की बनी मजबूत हिच और हाइड्रॉलिक ट्रेलर पाइप लगी है, जो दुर्गम उबड-खाबड रास्तों पर भी मजबूत पकड बनाए रखती है। एमएएफ 1035 डीआइ ट्रैक्टर में कम ईंधन खपत होती है और इसका रख-रखाव भी कम खर्चीला है। इस कारण लोग इसे 'बचत का लीडर' कहते हैं। टॉनर ट्रैक्टर में बेहद कम ईंधन खपत वाली 39 हॉर्स पावर की सिम्पसन्स इंजन लगी है। इसकी ईंधन टंकी 55 लीटर क्षमता की है, जो इस श्रेणी में सबसे बडी है। टॉनर की बनावट में सुरक्षा का सबसे अधिक ध्यान रखा गया है। इसका व्हील बेस काफी लंबा है, जिसके कारण भारी वज़न ढोने पर भी इसके सभी पहियों पर समान खिंचाव पडता है। यह ट्रैक्टर इस श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ डयुरा ड्राइ डिस्क ब्रेक के साथ भी मिलता है।